**Regarding alleged corruptions of senior officials of the administration in Dadra & Nagar Haveli, and Daman and Diu and demand for fair and unbiased investigations against these officials**

श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल **(**दमन और दीव**) :** सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान डीएनएच और दमन एवं दीव यूटी प्रशासन के अधिकारियों के खिलाफ लंबित जांच में हस्तक्षेप की आवश्यकता की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । इन अधिकारियों पर विभिन्न अपराधों तथा भ्रष्टाचार के कृत्य में भी शामिल होने का आरोप है । पिछले कुछ वर्षों में, यूटी प्रशासन ने सरकारी खजाने के पैसे की बर्बादी, संदिग्ध खर्च, अवैध निष्कासन और लोगों का उत्पीड़न जैसे मुद्दों सम्बंधित कई आरोप लगे हैं । जिसमें हमारे डीएनएच के वरिष्ठ नेता एवं इस सदन के सीनियर मोस्ट सांसद जी को आत्महत्या के लिए विवश करने का अपराध भी है । दूसरा, भ्रष्टाचार के मामले में CBI जांच चल रही होने की जानकारी मिली है ।

भ्रष्टाचार और अन्य अपराधों के आरोपों के कारण, यूटी प्रशासन के पदाधिकारियों, जिसमें खुद प्रशासक महोदय और कई मामलों में प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी शामिल हैं, उनके खिलाफ शिकायतें दर्ज की गई हैं । इसके परिणामस्वरूप, इन अधिकारियों से संबंधित कई मामलों में जांच चल रही है । इनमें से कई अधिकारी हमारे प्रशासन के अधीन महत्वपूर्ण विभागों में कार्यरत हैं । प्रशासन में उनकी निरंतर उपस्थिति जांच में अनावश्यक हस्तक्षेप की संभावना को बढ़ाती है ।

मैं भारत सरकार से अनुरोध करना चाहता हूँ कि वह दादरा नगर हवेली और दमन एवं दीव के प्रशासक और प्रमुख प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ चल रही जांच से संबंधित प्रत्येक मामले में निष्पक्ष और पक्षपात रहित जांच सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए । मैं इस प्रकार भारत सरकार से अनुरोध करता हूँ कि वह वर्तमान में जांच के अधीन अधिकारियों को उनके मौजूदा पदों से स्थानांतरित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए, ताकि एक वस्तुनिष्ठ और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जा सके ।